Reg no:-UDYAM/JH190015501

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com रविवार 01 दिसम्बर 2024







# राष्ट्रीय सेवा मंच ने भुरकुंडा बाजार में 150 गरीबों को कराया भोजन

## आमजनो के सहयोग से मंच पिछले 9 वर्षों से गरीबों की कर रहा सेवा

### गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य : डब्लू सिंह




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में लगभग 150 जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस दौरान भुरकुंडा बाजार में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी और सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है और गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सक्षम लोगों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षों से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, कारू यादव, उदयभान दुबे, शिवकुमार यादव, लखन राम, लालू उरांव, विजय राम, मो. शाहिद, संजू सिन्हा, रविंद्र सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

---

# खोरठा जनगायक जगलाल सिंह स्मृति में आयोजित सेमिनार ऐतिहासिक होगा : डॉ बी एन ओहदार

### रामगढ़ पटेल चौक में तैयारी समिति की हुई बैठक

**समाचार संध्या**

रजरप्पा । जनगायक जगलाल सिंह की प्रथम स्मृति दिवस मनाने को लेकर रविवार को स्थानीय कलाकारों साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों की एक बैठक पटेल चौक स्थित मार्गदर्शन शिक्षण संस्थान में की गयी। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ बीएन ओहदार एवं संचालन सुशील स्वतंत्र ने किया। बैठक में निर्णय लिया



गया कि स्व जगलाल सिंह कि पहली पुण्यतिथि 19 दिसम्बर को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग में मनाया जायेगा। गौरतलब है कि रामगढ़ के लइयो निवासी स्व जगलाल भारतीय जन नाट्य संघ से जुड़ें थें और वे मूल रूप से खोरठा गीत ही गाते थे, इसलिए जगलाल को समर्पित खोरठा गीत प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कुल-कॉलेज के वर्ग 10 से स्नातक तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ बी एन ओहदार की अध्यक्षता में एक आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमे साहित्यकार बलराम सिंह, पन्नालाल राम, सुशील स्वतंत्र, मेघनाथ, पोवेल, प्रीतम झा, अंजनी कुमार समेत अन्य लोगों के नाम शामिल है।मौके पर डॉ ओहदार ने कहा कि झारखंड की स्थानीय भाषा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के लिए इस तरह का आयोजन बेहद जरूरी है। खोरठा संस्कृति के संरक्षण एवं उन्नयन के लिए साथ ही जगलाल को याद करते हुए राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सबों का सहयोग अपेक्षित है. बैठक में इष्टा से प्रदीप तरफदार एवं रविशंकर शामिल थे।अंत धन्यवाद ज्ञापन पोवेल के द्वारा किया गया।

# पतरातु लेक में झारखंड-बिहार 41 बैच के प्रशासनिक अधिकारियों का सिल्वर जुबली मनाया

## 25वीं वर्षगांठ पर संयुक्त सचिव पद के अधिकारियों ने गेट टूगेदर मनाया







**समाचार संध्या**

पतरातू । झारखंड का खूबसूरत और प्रकृति गोद में बसा हुआ मनोहारी मनोरम पर्यटन स्थल पतरातू में 41 वें बैच के बिहार प्रशासनिक सेवा एवं झारखंड प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव के पद स्तर पर सभी अधिकारियों ने 25 वां वर्षगांठ सम्पन्न होने की खुशी में पतरातु डैम जुटे और झारखंड की खूबसूरत और प्राकृतिक सुंदरता से भरा हुआ पतरातू घाटी की खूबसूरत वादियों का दीदार किया, नौका विहार का खूब आनंद लिया सभी सहपाठियों अधिकारियों द्वारा लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया घाटी में जगह-जगह पर बने सेल्फी पॉइंट में खूब फोटोशूट किया, बताया गया कि झारखंड प्रशासनिक संघ एवं बिहार प्रशासनिक संघ के बैचमेट अधिकारी शामिल हुए और दोनों अलग-अलग राज्यों में राज्य सरकार के संयुक्त पद पर अपनी सेवा दे रहे हैं सभी अधिकारी बस के द्वारा पतरातू डैम के समीप पहुंचे और नौका विहार का भी लुफ्त उठाया, झारखंड बिहार का कैडर बंटवारे के बाद अधिकारी अपने-अपने राज्यों में सेवा दे रहे थे 2024 में 25 वी वर्षगांठ पूरा होने की खुशी में दोनों राज्यों से अधिकारीगण पतरातू डैम पहुंचे और गेट टूगेदर का आयोजन किया, देर शाम सभी गंतव्य की ओर रवाना हुए।

# 10 जनवरी को वनभोज सह मिलन समारोह मनाने का हुआ निर्णय

## पासवान कल्याण केंद्रीय कमेटी की भुरकुंडा में हुई बैठक



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पासवान कल्याण केंद्रीय कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष उपेंद्र पासवान एवं संचालन भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कमेटी के संरक्षक खजांची राम शामिल हुए। बैठक में समाज की मजबूती, एकजुटता, शिक्षा आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 जनवरी 2025 को समिति का 45वां वनभोज सह मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुखिया अजय पासवान, प्रभु पासवान, बीरेंद्र पासवान, इंद्रदेव पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, प्रेम पासवान सहित कई लोग मौजूद थें।

# इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन का नया कदम: पत्रकारों के लिए डिजिटल सुरक्षा की पहल

**समाचार संध्या**




नई दिल्ली। इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईआरए) ने पत्रकारों के लिए डिजिटल सुरक्षा को लेकर एक नई पहल की घोषणा की है। इस पहल के तहत, एसोसिएशन पत्रकारों को साइबर हमलों, डिजिटल उत्पीड़न और ऑनलाइन हिंसा से बचाने के लिए एक व्यापक डिजिटल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा। पत्रकारों का काम अब सिर्फ छपाई तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वे अब डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करके भी समाचार प्रसारित करते हैं। ऐसे में पत्रकारों के खिलाफ ऑनलाइन हमला और साइबर खतरे बढ़ते जा रहे हैं। इसके मद्देनजर एसोसिएशन ने यह कदम उठाया है ताकि पत्रकार अपनी ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर जागरूक रहें और उनका डिजिटल जीवन सुरक्षित रहे। डिजिटल सुरक्षा प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं: साइबर सुरक्षा शिक्षा: पत्रकारों को ऑनलाइन हमलों और हैकिंग से बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी। डेटा सुरक्षा: पत्रकारों को उनकी व्यक्तिगत और पेशेवर जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सशक्त कदम उठाने की सलाह दी जाएगी। ऑनलाइन उत्पीड़न से बचाव: डिजिटल उत्पीड़न के खिलाफ पत्रकारों को कानूनी मार्गदर्शन और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी। एथिकल हैकिंग और सुरक्षा टूल्स: पत्रकारों को सुरक्षित नेटवर्क और एप्लिकेशन्स का उपयोग करने के बारे में जानकारी दी जाएगी। आईआरए की योजना: इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन का मानना है कि पत्रकारों को केवल शारीरिक सुरक्षा की ही नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा की भी आवश्यकता है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद जाहंगीर ने कहा, “हमारा उद्देश्य पत्रकारों को एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण प्रदान करना है, ताकि वे बिना किसी डर के अपना काम कर सकें और स्वतंत्र रूप से खबरें साझा कर सकें। उम्मीद की किरण: इस पहल के माध्यम से, एसोसिएशन पत्रकारों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षा और आत्मविश्वास देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। यह कदम न केवल पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि समाज में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को भी बढ़ावा देगा। भविष्य की योजनाएं: आईआईए ने घोषणा की है कि आने वाले समय में पत्रकारों के लिए साइबर सुरक्षा कार्यशालाओं और कानूनी जागरूकता अभियान का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि पत्रकार अपने डिजिटल अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें और सुरक्षित तरीके से काम कर सकें। इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन की इस नई पहल से निश्चित रूप से पत्रकारों को एक सुरक्षित और समर्पित कार्यक्षेत्र मिलेगा, जिससे वे बिना किसी डर के अपने कर्तव्यों का पालन कर सकेंगे।

# लोकल सेल सिरका सीएचपी सड़कों पर भारी वाहन चलने पर उड़ रहे हैं धूल, प्रबंधन बेखबर, प्रदूषित हो रहा है क्षेत्र



**समाचार संध्या रिपोर्ट एस. कुमार**

सिरका। सीसीएल सिरका बंद सीएचपी चेक पोस्ट से लोकल सेल जाने वाले रास्तों पर प्रतिदिन भारी गाड़ी आने जाने पर धूल भरी सड़क का नजारा दिखाई पड़ रहा है. प्रबंधन का कोलयरी के सड़कों पर ध्यान नहीं है. बताया जाता है कि प्रतिदिन 50 से 100 गाड़ियां चेक पोस्ट से होकर लोकल सेल सिरका कोयला लोडिंग के लिए जाती हैं. ट्रक जैसे ही सड़कों से गुजरती हैं. काफी मात्रा में धूल भरी गर्द उड़ते हैं. जिससे क्षेत्र में वायु प्रदूषण को भी बढ़ावा मिल रहा है. वहीं दूसरी ओर प्रबंधन प्रतिदिन इन सड़कों पर पानी छिड़काव नहीं करता है. जिसके कारण क्षेत्र का वातावरण धुलकण उड़ने से छायादार व अंधकार तब्दील हो जाता है. यहां काम करने वाले कामगारों की बात की जाए तो उन्हें भी धूल भरे हवाओं का सामना करना पड़ रहा है. जिससे शारीरिक दिक्कत सांस जैसे मसलों से भी जूझना पड़ रहा है।

# नप सिरका में नालियों के लिए हुई है खुदाई



**समाचार संध्या रिपोर्ट एस. कुमार**

सिरका। नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र सिरका बाल मंडली पुराना ग्राउंड के आसपास नाली निर्माण के लिए बीते दिनो जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई की गई है. जानकारी के मुताबिक यहां आस-पास पानी निकालने के लिए समुचित सुविधा नाली नहीं थी. जिसे लेकर नाली निर्माण करवाया जाना है. इससे आने वाले दिनों में लोगों को सुविधा मिलने की संभावना है।

